बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना–800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

पटना – 17 मई, 2024

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में बिहार राज्य निर्वाचन विभाग निष्पक्ष, स्वच्छ एवं स्वस्थ चुनाव कराने के लिए कृतसंकल्प है। एक ओर जिलों में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण तथा समस्त गतिविधियों के संचालन का प्रशिक्षण जोर–शोर से चालू है, साथ ही समस्त तैयारियाँ भी प्रगति पर हैं।

ज्ञातव्य है कि आज दिनांक 17.05.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के तहत सातवें चरण के लिए आठ (08) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम–अ0जा0, काराकाट तथा जहानाबाद) में नामांकन पत्रों के Withdrawal की तिथि नियत थी इस संदर्भ में स्थिति इस प्रकार है कि बक्सर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से एक (01), काराकाट लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से एक (01) तथा जहानाबाद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से दो (02) अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिया है अर्थात् उक्त तीन लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों से कुल चार (04) अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिया है। इस संदर्भ में प्राप्त सूचनानुसार नालंदा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 29 (M-26 & F-03), पटना साहिब लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 17 (M-17 & F-0), पाटलिपुत्र लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 22 (M-18 & F-04), आरा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 14 (M-13 & F-01), बक्सर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 14 (M-13 & F-01), सासाराम–अ0जा0 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 10 (M-09 & F-01), काराकाट लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 13 (M-12 & F-01) तथा जहानाबाद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 15 (M-14 & F-01) अभ्यर्थी चुनाव में खड़े हैं।

प्राप्त सूचनानुसार लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता के तहत लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के तहत भागलपुर जिलांतर्गत एक (01) मामला प्रतिवेदित है तथा तदनुसार एक (01) एफआईआर दर्ज है साथ ही पटना जिलांतर्गत भी एक (01) मामला प्रतिवेदित है तथा तदनुसार एक (01) एफआईआर दर्ज है। अवैध बैठक / भाषण आदि के संदर्भ में नौ (09) मामले प्रतिवेदित हैं जो क्रमेण इस प्रकार हैं–पटना जिलांतर्गत एक (01), पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत पाँच (05) एवं सहरसा जिलांतर्गत तीन (03)। इस संदर्भ में नौ (09) एफआईआर दर्ज हैं।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 16.05.2024 को कुल **₹25.03032**(लाख) रूपये नगद बरामद किये गये हैं। कुल जब्त लीकर–19583.03(लीटर) की सूचना प्राप्त हुई है जिसका मूल्य **₹52.02811**(लाख) रूपये हैं। जहाँ तक ड्रग्स तथा नारकोटिक्स की बात है तो कुल **₹9.00000**(लाख) रूपये मूल्य के 18000.00(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। वहीं कीमती धातुओं की बात है तो कुल **₹0.10171**(लाख) रूपये मूल्य के 120.00(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। मुफ्त / अन्य सामग्रियों के तहत कुल **₹195.32025**(लाख) रूपये मूल्य की 142343.17 सामग्रियों को जब्त किया गया है। इस प्रकार कुल **₹281.48038**(लाख) रूपये मूल्य की जब्ती प्रतिवेदित है।